हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

4 आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस विभिन्न संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च



## खबर संक्षेप

### याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक प्रकरण रद्द

**बैकुण्ठपुर।** छग उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में देरी से दर्ज की गई एफआईआर और उस पर आधारित आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि यह मामला आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत न्यायिक हस्तक्षेप का उपयुक्त उदाहरण है। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की अध्यक्षता में मामले की सुनवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा कॉलरी के तत्कालीन कार्मिक प्रबंधक अशोक कुमार विश्वास उम्र 59 वर्ष के मामले में हाईकोर्ट ने बैकुंठपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश दिनांक 9 अप्रैल 2018, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए, 509 और 354 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की अनुमति दी गई थी, उसे भी रद्द कर दिया है। साथ ही थाना चरचा में दर्ज एफआईआर क्रमांक 132/2017 और उसके आधार पर दाखिल आरोप पत्र को भी खारिज कर दिया गया।

### विभागीय योजना की कल प्रभारी मंत्री करेंगे समीक्षा

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण विभाग के राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार द्वारा सोमवार 28 अप्रैल को प्रातः 11.00 बजे से संयुक्त कलेक्ट्रेट सभागार अनूपपुर में विभागीय समीक्षा बैठक ली जाएगी। उक्त जानकारी कलेक्टर हर्षल पंचोली ने दी है। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को बैठक में आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 से

**अनूपपुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 1 से 30 मई तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंड़ मुख्यालयों पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय स्तर पर व्हॉलीबाल, कराते एवं फुटबॉल खेलों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। विकासखंड़ मुख्यालय स्तर पर जैतहरी में व्हॉलीबाल व एथलेटिक्स, पुष्पराजगढ़ में कबड्डी, कराते, व्हालीबाल तथा कोतमा में कबड्डी व एथलेटिक्स एवं अनूपपुर में व्हॉलीबाल व एथलेटिक्स खेलों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल अनूपपुर में 25 अप्रैल को नालसा की योजना, नशा पीड़ितों को विधिक सेवा एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि नशा शरीर को ही नहीं अपितु आत्मा को भी मार डालता है, नशा करने वाले परिवार में सुख-शांति नहीं रहती है। बच्चों की उचित परवरिश नहीं हो पाती है, जिससे उनका भविष्य अंधेरे में रहता है, इसलिए हमें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि आपके आस-पड़ोस में कोई व्यक्ति नशे का आदि है, तो उसे नशा मुक्ति केन्द्र में भेजकर काउंसलिंग कराई जाकर उसका नशा छुड़वाया जा सकता है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान से होंगे कार्य

**अनूपपुर।** जिले में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नदी एवं सरोवरों का जीर्णोद्धार कार्य तेजी से जारी है। इस अभियान का संचालन कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले की प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना, जलस्तर को सुधारना तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना है। कलेक्टर श्री पंचोली ने अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को इससे जोड़ने की पहल की है। प्रशासनिक अमला, स्वयंसेवी संगठन, ग्रामीणजन तथा विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

---

गर्मी में नहीं मिल रहा शीतल पेय, नपा प्रशासन से पहल की मांग

# शहर में वाटर फिल्टर बन गए शो पीस!



शहर में बंद वाटर फिल्टर। कई स्थानों पर वाटर फिल्टर की टोटियां टूटी पड़ी हैं, तो कुछ जगहों पर पूरा सिस्टम जंग खा चुका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अप्रैल माह में बीते शनिवार को तापमान 40 डिग्री पार पहुंच गया, वहीं मौसम के सिस्टम में बदलाव होने से तापमान में कुछ डिग्री गिरावट भी देखी जा रही है, लेकिन उतनी नहीं क्योंकि अभी जिस तरह से सूर्य की किरणे आग उगल रही है, उसे देखकर कुछ डिग्री तापमान में कमी आने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

इस दौरान गर्म हवाओं के चलने से गर्मी से लोगों को हलाकान होना ही पड़ेगा। दूसरी ओर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आमजन को राहत देने के लिए नगर पालिका, विधायक मद, अध्यक्ष निधि और पार्षद निधियों से शहर के विभिन्न 8 से 10 स्थानों पर लगाए गए वाटर फिल्टर सिस्टम अब शो पीस बनकर रह गए हैं। कहीं मोटर खराब है, कहीं कंप्रेसर बंद पड़ा है, तो कहीं बिजली कनेक्शन तक नहीं है। लाखों की लागत से लगाए गए ये वाटर फिल्टर अब जनता के किसी काम के नहीं रहे। नगर पालिका की इस अनदेखी से बैकुंठपुर की जनता नाराज है। कई स्थानों पर वाटर फिल्टर की टोटियां टूटी पड़ी हैं, तो कुछ जगहों पर पूरा सिस्टम जंग खा चुका है। अधिकांश फिल्टर चालू हालत में नहीं हैं, जबकि इन्हें जन सुविधा के लिए गर्मी शुरू होते ही चालू किया जाना था।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एक माह पूर्व नगर पालिका में इसकी लिखित शिकायत दी गई थी। बावजूद इसके न तो मरम्मत कराई गई और न ही कोई अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचा। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि जब नगर पालिका जनता को स्वच्छ और ठंडा पानी तक नहीं दे सकती, तो फिर निधियों का उपयोग आखिर कहां हो रहा है।

### राहगीर होते हैं परेशान

इस गर्मी में राहगीरों, बुजुर्गों, बच्चों और कामकाजी लोगों को शीतलपेय अभी नहीं मिल पा रहा है। जनता का कहना है कि जब राज्य सरकार में हर घर जल और स्मार्ट सुविधा की बात करती है तो जमीनी स्तर पर कम से कम ठंडा पीने का पानी तो मिलना ही चाहिए। अब देखना यह है कि नगर पालिका कब तक सुधार कार्य करा पाती है।

### शीघ्र हो जाएगा चालू

शहर में जगह-जगह लगे वाटर फिल्टर जो वर्तमान में खराब पड़े हुए हैं, उसका सुधार कार्य शीघ्र कराया जाएगा। शहर में मंगलवार से वॉटर कूलर चालू हो जाएंगे।

-**संजय दुबे**, सीएमओ नपा बैकुंठपुर

---

# अवैध कोयला परिवहन रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ भाजपा जिलाध्यक्ष ने मिले जीएम से

भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने एसईसीएल बैकुंठपुर के मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा से मुलाकात की और क्षेत्र में अवैध कोयला परिवहन को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का आग्रह किया।

जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने चरचा के डी पॉइंट सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसी कैमरे लगाने, सुरक्षा घेरे को और मजबूत करने और निगरानी बढ़ाने की मांग की। उनका कहना था कि अवैध कोयला परिवहन से क्षेत्र में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिसे रोका जाना बेहद जरूरी है। मुख्य महाप्रबंधक श्री झा ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही चिन्हित स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला परिवहन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।



महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

# कोयला चोरी के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**चरचा कॉलरी।** थाना चरचा पुलिस ने डी. पॉइंट बेल्ट लाइन चरचा क्षेत्र में कोयला चोरी का प्रयास करने और सुरक्षा गार्ड्स से विवाद करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने गोरेलाल, अरमान, गुलेश्वर और प्रेम प्रकाश राजवाड़े सभी निवासी बिशनपुर जूनापारा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 170 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि चारों आरोपी सुरक्षा व्यवस्था में बाधा डालते हुए कोयला चोरी का प्रयास कर रहे थे। थाना चरचा पुलिस क्षेत्र में इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रख रही है, ताकि कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रह सके। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार आरोपियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में अनुभागीय दंडाधिकारी बैकुंठपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस द्वारा मामले की आगे जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने थाना चरचा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।



गिरफ्तार आरोपी।

---

# ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर हैं लब्जी के पहाड़ी कोरवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड के ग्राम पंचायत लब्जी कोरवा पारा में पहाड़ी कोरवा ग्रामीण ढोड़ी का पानी पीने को मजबूर है। आलम यह है गांव में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है लेकिन नल सूखे हुए है और उनसे पानी की एक बूंद भी नहीं निकलती है। यही वजह है कि गांव में ग्रामीणों को पीने के पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है जबकि अधिकारी व ठेकदार की लापरवाही के कारण गांव में जल जीवन मिशन योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम लब्जी कोरवापारा में 40 पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के हैंडपम्प से लाल फ्लोराइड युतक पानी निकलता है ऐसे में विगत 5 महीने से पहाड़ी कोरवा परिवार के लोग ढोड़ी का पानी पीने को मजबूर है। ऐसा नहीं है कि शासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। बस्ती में बाकायदा करोड़ो रूपए खर्च कर पानी टंकी का निर्माण कराया गया और पाइप लाइन का विस्तार कर घर घर जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन प्रदान किए गए है ।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जमीन विवाद के मामले में पटना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील जायसवाल निवासी बैकुण्ठपुर ने पुलिस में 23 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई कि वह व्यापारी है और उक्त दिनांक को सुबह के समय अपने पुत्र अर्पित जायसवाल एवं भतीजा आधार जायसवाल के साथ अपने जमीन प्लाट नंबर 920 एवं 916/ए स्वामित्व भूमि में अपना मकान गिराने जेसीबी मशीन लेकर गया था, उसी समय धुरवनाथ तिवारी, उसका पुत्र सोनू एवं ओम प्रकाश अश्लील गालियां देते हुए डंडा से ओमप्रकाश मारपीट किया एवं आधार से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मौके पर विपिन जायसवाल, अब्दुल साजिद, सुमित गुप्ता एवं अमरजीत यादव बीच बचाव किए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया।

■ अपराध दर्ज

वहीं दूसरी पक्ष के शिकायत कर्ता ओम प्रकाश तिवारी पिता धुरवनाथ तिवारी निवासी ग्राम महोरा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि 23 अप्रैल को सुनील जायसवाल के द्वारा अपने तीन अन्य व्यक्तियों के साथ अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाया। शिकायत में उल्लेख किया है कि ग्राम महोरा मेनरोड किनारे पैतृक भूमि पर मकान निर्माण कराकर हॉटल के रूप में उपयोग किया जा रहा है, इस पर सुनील जायसवाल निवासी बैकुण्ठपुर उसके लड़का, भतीजा एवं अन्य एक के द्वारा जेसीबी मशीन लेकर आए और मकान के पिछले हिस्से को तोड़वा रहे थे, मना करने पर अश्लील गालियां देते हुए मारपीट किए एवं जान से मारने की धमकी दिए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

# ठेका मजदूर की मौत पर परिजन से मिले विधायक



**बैकुण्ठपुर।** बीते दिनों चरचा बेस्ट खदान के सीएम-2 पैनल नंबर-5 में हुए हादसे में ठेका मजदूर दिगेश्वर सिंह उम्र 32 वर्ष, निवासी बरबसपुर की दर्दनाक मौत हो गई थी। बताया गया कि ड्यूटी के दौरान चेन खींचने की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही जान चली गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। इसी बीच पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भईयालाल राजवाड़े रायपुर से लौटने के बाद मृतक के निवास बरबसपुर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही पीड़ति परिवार को समुचित मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी दिए जाने के लिए निर्देशित किया।

---

# एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग की बारीकियां सीखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



छग बटालियन एनसीसी कोरबा के तत्वाधान में बैकुंठपुर स्थित प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल बेलो की बगिया के रूप में प्रसिद्ध छुरीगढ़ स्थित फायरिंग रेंज में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर एवं शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के एनसीसी कैडेट्स ने 24 अप्रैल को एक दिवसीय फायरिंग अभ्यास किया।

ज्ञातव्य हो कि देश की रक्षा पंक्ति में एनसीसी का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। एनसीसी कैडेट्स के लिए फायरिंग अभ्यास आवश्यक है ताकि समय आने पर देश की रक्षा के लिए कैडेट्स सेना का सहयोग कर सके। कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एस के मार्गदर्शन में नायब सूबेदार जितेन्द्र सिंह, हवलदार महेश पाटिल, हवलदार धर्मेन्द्र, हवलदार परमजीत सिंह ने समस्त कैडेट्स को फायरिंग कराया। कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एस एवं सूबेदार मेजर डोंगर सिंह ने फायरिंग का निरीक्षण किया एवं फायरिंग की बारीकियों के बारे में कैडेट्स को बताया। उन्होंने कहा कि सही पकड़, सही लक्ष्य ⏭ शेष पेज 4 पर

### नाला में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य

**अनूपपुर।** ग्राम बरतराई में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पसान एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरतराई, चुकान, भलवाही तथा सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं के संयुक्त प्रयास से बाकी नाला (भलवाही) में बोरियों का बोरी बंधान कार्य सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सहभागियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, नवांकुर संस्था पसान के अध्यक्ष, परामर्शदाता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरतराई के अध्यक्ष, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चुकान के सचिव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भलवाही की अध्यक्ष सहित स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

# राज्य मुख्य आयुक्त से मिले संघ के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के प्रथम कोरिया आगमन पर विश्राम गृह बैकुंठपुर में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त रामनाथ यादव विश्राम गृह में पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं से मुलाकत किए। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मनेजर राजवाड़े, किशोर सिरदार, संजय चिकनजूरी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, जिलाध्यक्ष हितेश सिंह, युवा नेता शारदा गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मनोज साहू, सुशील यादव, जिला मंत्री रमेश तिवारी, जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, जिला कोषाध्यक्ष रवि पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट ⏭ शेष पेज 4 पर

---

कलेक्टर ने ली पंचायत सचिवों की बैठक

# बेटियों के जन्म दिन पर कम से कम पांच पौधे जरूर लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त ग्राम पंचायत सचिवों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण तथा आगामी शिविरों की प्रभावी तैयारी पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने समस्त सचिवों को निर्देशित किया कि जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विशेष रूप से जल संरक्षण अभियान आवा पानी झोंकी की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कोरिया जिले में भरपूर वर्षा के बावजूद भूमिगत जल स्तर में गिरावट चिंताजनक है। ऐसे में वर्षा जल को रोकने व संरक्षित करने के लिए ग्राम पंचायतों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने सोनहत क्षेत्र में चल रहे दीवार लेखन एवं पांच प्रतिशत मॉडल की सराहना की। इस अवसर पर बेटी संग पांच पौधे लगाने की अभिनव पहल की भी घोषणा की गई। कलेक्टर ने कहा कि हम सबको संकल्प लेना बेटी बचाने, पानी बचाने, हरियाली बढ़ाने के लिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चियों के जन्म पर कम से कम पांच पौधे लगाकर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाया जाए कि जैसे पौधे समय आने पर फल देते हैं, वैसे ही बालिकाओं के विवाह का भी उचित समय हो। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिव जन्म प्रमाण पत्र जारी करते समय इस परंपरा को आरंभ करें।

जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण के लिए 30 अप्रैल की अंतिम तिथि की जानकारी दी और सभी पंचायत सचिवों को सर्वे व दस्तावेज अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत संचालन से जुड़ी समस्त तैयारियों, योजनाओं की स्थिति तथा जनप्रतिनिधियों के शिविर भ्रमण की पूर्व तैयारी पर भी विस्तृत चर्चा की गई।




शुक्रवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में शपथ दिलाती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

# अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र से महिलाओं ने निकाली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्राम पंचायत जूनापारा में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ हुआ, जहां काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं महतारी वंदन योजना की राशि निकालने पहुंची। इस अवसर पर हितग्राहियों ने अपने खाते से योजना की निर्धारित राशि प्राप्त की और सरकार के प्रति आभार जताया।

श्रीमती रितु साहू ने बताया कि अब हमें बैंक या अन्य किसी केन्द्र तक लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। गांव में ही रूपए निकालने की सुविधा से काफी राहत मिली है। हम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आभारी हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 24 अप्रैल को ग्राम पंचायत जूनापारा में तलवापारा निवासी श्रीमती शिवकुमारी ने भी अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र से 1000 रूपए की राशि निकालते हुए कहा कि यह पैसा उनके घरेलू खर्चों में बहुत मददगार है।



## खबर संक्षेप

### एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा की बैठक 26 को



अम्बिकापुर। एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के तहत मंडल, विधानसभा एवं जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की तैयारी हेतु भाजपा कार्यालय में आज शाम 4 बजे बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियां एवं आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। अभियान के जिला संयोजक मधुसूदन शुक्ला ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

### दुर्गावाहिनी का सात दिवसीय विभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन




बिश्रामपुर। विश्व हिन्दू परिषद अंतर्गत युवतियों के संगठन दुर्गावाहिनी मातृशक्ति का सात दिवसीय विभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। प्रशिक्षण 17 से 24 अप्रैल तक चला, जिसमें बहनों को नियुद्ध कराटे, दंड चालन, तलवार चालन, राइफल चालन, घोष बजाने जैसे अनेक प्रकार के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। शौर्य प्रशिक्षण में सूरजपुर, बैकुंठपुर व एमसीबी जिला के 70 बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय, एवं मुख्य वक्ता के रूप में दुर्गावाहिनी की प्रांत सह संयोजिका सुश्री प्रीति दुबे, विहिप के विभाग मंत्री संदीप सोनी मुख्य रूप से शामिल रहे। वर्ग प्रभारी के रूप में दुर्गावाहिनी की विभाग संयोजिका रचना सिंह एवं जिला संयोजिका शशि राजवाड़े उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की व्यवस्था विहिप के जिला पदाधिकारियों ने किया।सात दिवसीय वर्ग को सुचारू रूप से सफल बनाने में बजरंग दल के मुख्य पदाधिकारियों की अग्रिम भूमिका रही।समापन समारोह में विहिप एवं बजरंग दल के जिला व नगर स्तर के पदाधिकारी तथा नगर के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक, सम्माननीय माताएं व बहने भी उपस्थित रहे।

### 62 ग्रामीणों को मिला रोजगार का जरिया, जारी हुआ मनरेगा जॉब कार्ड



सूरजपुर। सुशासन तिहार अंतर्गत कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के 62 ग्रामीण हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए गए हैं। गौरतलब है कि जिले की विभिन्न विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों के निवासियों द्वारा सुशासन तिहार के दौरान मनरेगा जॉब कार्ड निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में संबंधित ग्रामीणों की मांगों को प्राथमिकता दी गई। जिससे पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध ढंग से मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध कराए गए। सुशासन तिहार की यह पहल न केवल ग्रामीणों को रोजगार की दिशा में सशक्त बनाएगी, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

### जिले में हैंडपंपों की मरम्मत कार्य तेज, 909 हैंडपंप हुए दुरुस्त



सूरजपुर। भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में पेयजल संकट की आशंका के मद्देनजर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार हैंडपंपों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि हैंडपंपों की शिकायत मिलने के 3 दिनों के भीतर सुधार कार्य पूर्ण किया जाए। इसी क्रम में जिले के 6 विकासखंडों में हैंडपंप सुधार कार्य 1 से 15 अप्रैल तक चलाया गया, जिसमें 909 बंद पड़े हैंडपंपों को पुनः चालू किया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रयासों से यह कार्य युद्धस्तर पर किया गया। हैंडपंप सम्बन्धी शिकायत मोबाइल नंबर और टोल फ्री नंबर के माध्यम से प्राप्त होते ही तत्काल टीम भेजकर हैंडपंपों की मरम्मत करवाई जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बताया गया कि हैंडपंप सुधार पखवाड़ा अंतर्गत शिकायत मिलने पर 3 दिनों के भीतर सुधार कार्य सुनिश्चित गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की कोई समस्या न हो। विकासखंड प्रेमनगर, सूरजपुर, भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर एवं रामानुजनगर क्षेत्रों में बंद पड़े हैंडपंपों की जानकारी मिलते ही टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।

## शिकायत की जांच करने पहुंचे क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी

# पर्यावरण नियमों की अनदेखी कर नर्मदापुर में अवैध क्रशर का किया जा रहा संचालन



अवैध क्रशर।



क्षेत्रीय अधिकारी से चर्चा करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

पंचायत की अनुमति बिना मनमानी पूर्वक क्रशर संचालित करने का बार-बार विरोध करने के बावजूद संचालक पर कोई असर नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने सुशासन तिहार में इसकी शिकायत की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच हेतु पर्यावरण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो नियमों को ताक पर रखकर मनमानी पूर्वक क्रशर संचालित करने का खुलासा हुआ।

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत की अनुमति के बिना हो रहा संचालन
- ग्रामीणों ने लगाया पेड़ों को जड़ सहित उखाड़ने का आरोप

विकासखंड मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्मदापुर के ग्राम छोटा बिजलवा में वर्षों से क्रशर का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि क्रशर संचालन के लिए न तो ग्राम पंचायत से अनुमति ली गई है न ही शासन द्वारा निर्धारित नियमों का ही पालन किया जा रहा है। ग्राम छोटा बिजलहवा स्थित राजस्व जंगल की भूमि में सीएमडीसी द्वारा उत्खनित बॉक्साइट की चट्टानों को चिप्स बनाने के लिए मां कुदरगढ़ी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक साथ चार क्रशर संचालित किए जा रहे है। राजस्व जंगल को धीरे-धीरे उजाड़कर कंपनी ने भूमि को बॉक्साइट भण्डारण का यार्ड बना दिया है।

कंपनी द्वारा जंगल के पेड़ों को जड़ सहित उखाड़कर एवं पेड़ों के चारो तरफ बॉक्साइट का भंडारण कर जंगल का सफाया किया जा रहा है। जो क्षेत्र के पर्यावरण की दृष्टि से काफी घातक साबित हो रहा है। सबसे बड़ी परेशानी लगातार उड़ती बॉक्साइट की धूल से है। ग्रामीणों का कहना है क्रशर प्लांट के इर्द-गिर्द चार किमी क्षेत्र में घनी बसाहट है। क्रशर की धूल आसपास के गांवों में घरों के कोने-कोने में भर जाती है। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले यात्री भी धूल धुसरित हो जाते हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कंपनी के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा धूल के नियंत्रण के लिए कारगर पहल करने की मांग की लेकिन अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। ग्राम पंचायत के सचिव ने पंचायत की अनुमति बिना क्रशर संचालित करने पर आपत्ति जताई तथा नोटिस भी जारी किया लेकिन कंपनी पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी की दबंगई के आगे संबंधित विभाग के अधिकारी भी कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। वर्षों मामले की शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान मनमानी की शिकायत की।

इस दौरान उपसरपंच सोनू अग्रवाल, रामकृष्ण सिंह, दीना यादव, अजय वर्मा, गोपाल यादव, चंद्र प्रकाश सोनवानी, दयाशंकर यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**नदी का प्रवाह हो रहा कम**

ग्रामीणों ने बताया कि क्रशर के पास से ही महादेव नदी गुजरती है तथा डेढ़ किमी दूर टाइगर पॉइंट में झरने के स्वरूप में पर्यटकों को आकर्षित करती है। बॉक्साइट की धूल से नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। बरसात के दिनों में यार्ड में संग्रहित बॉक्साइट की मिट्टी धुलकर नदी में फैल जाती है। मिट्टी का भराव होने के कारण नदी की जल ग्रहण क्षमता लगातार कम हो रही है। टाइगर पाइंट स्थित झरने की पतली धार के पीछे इसे ही कारण बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्रशर संचालक की मनमानी नहीं रूकी तो भविष्य में पर्यटन स्थल टाइगर पाइंट का प्रवाह प्रभावित हो सकता है।

**नहीं मिला कोई दस्तावेज**

ग्रामीणों की शिकायत की जांच हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल के क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी विजय सिंह पोर्ते बुधवार को नर्मदापुर पहुंचे थे। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मां कुदरगढ़ी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित अवैध क्रशरों एवं जेसीबी द्वारा उखाड़े पेड़ों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी के सुपरवाइजर वाय आर गौतम को कई बार बुलवाया लेकिन वे अपने केबिन में मोबाइल पर व्यस्त रहे। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा बार-बार बुलाने के बावजूद अंत तक सुपर वाइजर नहीं पहुंचे। सरपंच ललिता बाई एवं सचिव सिंकदर प्रजापति ने जानकारी दी की कंपनी ने क्रशर संचालन के लिए ग्राम पंचायत से अनुमति नहीं ली है न ही इस संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है। कंपनी द्वारा बॉक्साइट चिप्स का परिवहन जनवरी माह से किया जा रहा है जबकि स्टॉक पंजी में 15 फरवरी से चिप्स परिवहन दर्शाया गया है। अंत में क्षेत्रीय अधिकारी ने पंचनामा तैयार किया जिसमें मांगे जाने पर कंपनी द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत क्रशर संचालित करने का उल्लेख किया गया है।

## एसईसीएल कुमदा कॉलोनी में पेयजल संकट गहराया

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी में पिछले चार दिनों से कॉलोनी वासियों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बताया गया कि कुमदा कॉलोनी में जल आपूर्ति के लिए क्वारी में सम्पवेल का निर्माण कराया गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्तमान में चार पांच दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद क्वारी का जलस्तर नीचे चला गया है जिस वजह से जलापूर्ति में दिक्कत आई है।चार दिनों से कॉलोनी में पेयजल की समस्या आने के बाद आज प्रभारी सह क्षेत्र प्रबंधक सिदार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।मिली जानकारी अनुसार पिछले चार दिनों से रुक रुक कर पेयजल की आपूर्ति हो रही थी लेकिन शुक्रवार को पूरी तरह से पंप बैठ जाने से कॉलोनी में पानी सप्लाई पूर्णतः ठप्प हो गई है, जिस क्वारी से कॉलोनी में पानी सप्लाई होती है वहां इंटक वेल का निर्माण किए बगैर सीधे पंप बैठा कर प्रबंधन फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाता है और फिर फिल्टर के बाद पानी कॉलोनी में सप्लाई होती है।यहां कंपनी के एक हजार आवासीय क्वार्टर निर्मित है जिसमें कंपनी के अधिकारी कर्मचारी सहित बाहरी लोग निवासरत हैं।

- चार दिनों से कॉलोनी में पानी सप्लाई पूर्ण रूप से हुई बंद

## शिक्षा समिति की बैठक में पेयजल सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जनपद पंचायत प्रेमनगर में स्थाई शिक्षा समिति की प्रथम बैठक विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा समिति के सामने विकास खंड शिक्षा श्री पैंकरा द्वारा विकासखंड अंतर्गत समस्त विद्यालयों का एक एक जानकारी रखी गई। समस्त विद्यालयों के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे शाला भवन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शिक्षक व्यवस्था, शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, शिक्षा गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, आगामी शिक्षा सत्र-25 हेतु चर्चा, नवोदय, एकलव्य, सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल व प्रतियोगी परीक्षा आदि पर चर्चा की गई। शिक्षा समिति अध्यक्ष पुनिया राजेश्वर रजवाड़े ने जरूरतमंद विद्यालय में आवश्यक सुविधा प्रदान करने निर्देश दिए। उन्होंने सत्र प्रारंभ से पहले विद्यालय की साफ सफाई व रंग रोगन करने कहा गया। इस बैठक में शिक्षा समिति व बीईओ ने विकास खंड से नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र छात्राओं आराधना साहू, परिधि सिंह, अंजलि साहू, सौर्य कुमार साहू, नब्या साहू, चंदन कुमार पाटले, रुद्र मराबी व आर्यन सिंह का सम्मान किया गया जिन्होंने नवोदय के प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनित होकर ब्लॉक का नाम रोशन किया है। बैठक में स्थाई शिक्षा समिति के सभापति पुनिया राजेश्वर रजवाड़े, सदस्य अशोक कुमार सिंह श्याम, मुन्नी बाई उइके, किरण साहू, सहोदर आयाम, विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रताप सिंह पैकरा, बीपीओ राकेश जायसवाल, एबीईओ सतीश साहू व बीआरसी राजेश कुजूर उपस्थित रहे।

- नवोदय में चयनित छात्र- छात्राओं का किया गया सम्मान



## कैंसर जांच शिविर में 34 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ.केडी पैकरा एवं सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम के नेतृत्व में आज एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। शिविर में परामर्श हेतु नया रायपुर बालको मेडिकल सेंटर से विशेषज्ञ के रूप में ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दिवाकर पांडे उपस्थित थे।

कैंसर शिविर में पहुंचे मरीजों का डॉ. दिवाकर पांडे द्वारा कैंसर के लक्षण के आधार पर परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 34 मरीजो का परीक्षण किया गया था।



मरीजों को उनके लक्षण के आधार पर जांच एवं आगे की उपचार हेतु सलाह दी गई है। इस दौरान डॉ. संदीप जयसवाल , डॉ.राजेश पैकरा, डॉ. वैभव गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे ।

## सौम्या का नवोदय विद्यालय में चयन



सूरजपुर। जिले के डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार मरकाम की सुपुत्री सौम्या मरकाम ने नवोदय विद्यालय रायपुर में कक्षा 6वीं में चयनित होकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। सौम्या शुरू से ही एक होनहार और मेधावी छात्रा रही हैं। उनके इस उपलब्धि से परिवार सहित जिले में खुशी का माहौल है। सौम्या के दादा रामचंद्र सिंह मरकाम छत्तीसगढ़ पेंशनधारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष हैं। वहीं कोरिया जिले के बैकुंठपुर में पदस्थ एडिशनल कलेक्टर अरुण मरकाम और सूरजपुर जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार मरकाम की भतीजी हैं। सौम्या की इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और परिजन उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कंपनी के अधिकारी नहीं ले रहे सुध

# दो दर्जन से अधिक स्ट्रीट लाइट को चोरों ने किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

क्षेत्र के लोगों सहित खदान में काम करने वाले कर्मचारी व अधिकारियों को रात के समय आवागमन में परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाया था। लाखों की लागत से लगाए गए सोलर रोड लाइट पर न सिर्फ चोरों की नजर लगी बल्कि दो दर्जन से अधिक विद्युत पोल का गिराकर सोलर व लाइट को पार कर दिया।

हैरानी की बात तो यह है कि सोलर लाइट चोरी हुए काफी दिन हो गए बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन मामले को गंभीरता नहीं लिया और न ही चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एसईसीएल प्रबंधन ने लाखों रुपये खर्च कर ढाबा से केतकी खदान तक सोलर रोड लाइट लगाया था ताकि रात के अंधेरे में सड़कों पर चलने वाले राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। लेकिन चोरों की नजर सोलर लाइट पर लग गई और कुछ ही दिनो में खंभे को गिराकर सोलर व लाइट को चोरी कर ले गए जिससे लोगों की सुविधा बेकार हो गई है। पहले लोग एसईसीएल कंपनी के कबाड़, केबल, कोयला चोरी कर रहे थे लेकिन राहगीरों के सुविधा के लिए लगी लाइट तक अब नहीं छोड़ रहे है। सड़क किनारे लगभग दो दर्जन से अधिक लाइट को चोरी कर ले गए बावजूद कंपनी के अधिकारियों ने इस ओर सुध तक लेना उचित नहीं समझा है। ऐसे में रात के समय राहगीर सहित एसईसीएल के कर्मचारी रात के अंधेरे में आवागमन करने को मजबूर है। बताया जा रहा है प्रबंधन अपने मद से छग ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक लगभग दो सौ नग रोड लाइट लगाया था जिसमें गायत्री खदान से मेन रोड तक का अधिकांश लाइट चोरी हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि आज तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है जबकि एसईसीएल के गायत्री खदान में तीनों शिफ्ट में कार्य करने अधिकारी कर्मचारी पहुंचते है। ऐसा नहीं है कि सीसीएल प्रबंधन को चोरी हुई स्ट्रीट लाइट की जानकारी है लेकिन एसईसीएल के फील्ड कर्मचारी अनजान बने हुए है जिससे चोरों के हौसले बुलंद है जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ता है।





कैबिनेट मंत्री के साथ समाज की महिलाएं।

## सर्व कल्चुरी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व कल्चुरी (जायसवाल) समाज द्वारा नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए संभाग स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, समाज के अध्यक्ष उमेश जायसवाल, रायपुर के उद्योगपति घनश्याम जायसवाल, बिलासपुर से उद्योगपति सुरेन्द्र जास्वाल शामिल हुए।

बौरीपारा स्थित सामाजिक भवन में आयोजित कल्चुरी समाज के कार्यक्रम में अतिथियों ने समाज के संगठन पर जोर दिया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की बात कही गई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री जास्वाल ने समाज के विकास, उन्नति के क्षेत्र में विस्तृत जानकारी दी। कल्चुरियो के इतिहास के बारे में भी बताया गया कि इनका साम्राज्य छग में लगभग लगभग 1200 वर्षों का इतिहास रहा है।

कल्चुरी राजाओं द्वारा पूरे साम्राज्य में तालाबों, मंदिरों और ऐतिहासिक भवनों का निर्माण बहुत अधिक मात्रा में कराया गया, जिसमें हमारे सरगुजा के डीपाडीह, देवगढ़, सतमहला, शंकरगढ़ के पास राजपुर के पास आज भी इसके अवशेष मिलते हैं। कार्यक्रम उपरान्त आभार प्रदर्शन सीए एचएस जायसवाल ने किया। इस दौरान इस सम्मान समारोह में महिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता गुप्ता, युवा अध्यक्ष आयुष जायसवाल तथा समाज के कोने कोने से आए सभी समाज की महिलाएं, पुरुष व युवा मौजूद थे।



## जनपद उपाध्यक्ष ने ली शिक्षा स्थायी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शुक्रवार को जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद सभा कक्ष में विकासखंड अधिकारियों, प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद उपाध्यक्ष व अध्यक्ष स्थायी शिक्षा समिति आकाश अग्रवाल द्वारा विगत वर्षों के परीक्षाफल के संबंध में प्राचार्यों के साथ समीक्षा की गई व बेहतर शिक्षा एवं परीक्षा परिणाम में सुधार करने हेतु प्रयास करने की बात कही। अध्यक्ष द्वारा समीक्षा बैठक में संकुल समन्वयक तथा प्राचार्यों से भवन निर्माण एवं बाउंड्रीवाल के निर्माण, शासकीय स्कूल भवनों के भूमि पर बेजा कब्जा तथा शालाओं में उपलब्ध, आवश्यक मूलभूत सुविधा के संबंध में चर्चा की गई। शाला में अध्ययनरत बच्चों को प्रत्येक दिवस शाला में आने के लिए प्रत्येक माह पालक बैठक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित प्राचार्यो एवं संकुल समन्वयकों, सेजेस प्राचार्य तथा पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य-प्रधान पाठकों से भी शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बेहतर करने हेतु सुझाव भी लिया गया। बैठक में सदस्य कमला प्रसाद, करमसाय, बीईओ आदित्य पाटनवार, एबीईओ, बीआरसी अनूप सिंह, मण्डल संयोजक संतोष सिंह, समस्त प्राचार्य, समस्त संकुल समन्वयक, अधीक्षक सहित अन्य मौजूद थे।

- परीक्षा परिणामों को बेहतर करने पर दिया जोर

## जेल एवं ग्राम पंचायत पर्री में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाकर दी गई जानकारी




सूरजपुर। वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन जिला जेल एवं ग्राम पंचायत पर्री में श्रीमती विनीता वार्नर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आज किया गया। कार्यक्रम में आनंद प्रकाश वारियाल ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, साइबर अपराध साइबर ठगी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आप अपने आप को कभी असहाय न समझे अगर आप का कोई मामला न्यायालय में लंबित है और प्रकरण की पैरवी हेतु अपने खर्चे पर वकील रखने में सक्षम नही है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क करें। जिला न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक विधिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई गई है। जिसका लाभ प्राप्त कर सकते है। श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल ने कहा कोई जन्म से अपराधी नहीं होता समाज की परिस्थिति व्यक्ति के आर्थिक हालात और अनावश्यक गुस्सा एवं लालच उसे अपराधी बनाते हैं। उन्होंने बताया की जेल में निरुद्ध बंदियों के लिए वित्तीय साक्षरता बहुत जरूरी है, क्योकि इससे उन्हे जेल से बाहर आने के बाद वित्तीय चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है। श्री श्रीवास्तव ने कहा गलत तरीके से धन कमाना या आय, कर की चोरी करना अपराध है लेकिन लालच की वजह से लोग कई प्रकार से ठगी कर अपराध कर बैठते है। उन्होने वित्तीय लेन-देन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

अम्बिकापुर। बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बरियो पुलिस अंतर्गत ग्राम बादा निवासी विवेक कुमार आ. किशुन राम (19 वर्ष) गुरुवार की शाम 7.30 बजे गांव के ही विठुल कौशिक आ. राजेन्द्र कौशिक (20 वर्ष) व मुन्ना के साथ बाइक से खरीदारी करने बरियो बाजार गए थे। खरीदारी करने के पश्चात तीनों देर शाम बाइक से घर लौटने लगे और जैसे ही परसोनिया घाट के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन तीनों को शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत विवेक कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि शुक्रवार की सुबह विठुल कौशिक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

26-April- KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/26/2025 8:37 PM Page 1





# प्रदीप कुर्बाह को मिला मास्को में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड

**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और फिल्म निर्माता प्रदीप कुर्बाह ने 47वें मास्को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दो बड़े अवॉड्र्स जीते हैं। उनकी फिल्म 'हा लिंग्खा बेनग' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता और कुर्बाह को खुद सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ये पुरस्कार नेटवर्क फॉर प्रमोशन ऑफ एशियन सिनेमा (एनईटीपीएसी) की तरफ से दिए गए। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने निर्देशक कुर्बाह को इस कामयाबी के लिए बधाई दी है। कुर्बाह की में तारीफ मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में कुर्बाह की कामयाबी मेघालय के सभी लोगों के लिए फख्र की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने फिल्म के लिए कुर्बाह को 30 लाख रुपए की मदद दी है।

## लाइफ Style

# पत्रलेखा

## इन किरदारों में खूब जमाया रंग

पत्रलेखा अभिनीत फिल्म 'फुले' तमाम विवादों के बाद शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने समाज सुधारक और क्रांतिकारी सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है। इस फिल्म से पहले भी पत्रलेखा ने अपनी फिल्मों में ऐसे रोल किए, जिन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। जानिए उन फिल्मों के नाम।

एजेंसी ⏭ मुंबई

साल 2014 में पत्रलेखा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म का नाम था 'सिटीलाइट्स', जिसे हंसल मेहता द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फिल्म में अभिनेत्री एक ग्रामीण महिला के किरदार में नजर आईं थीं, जो मुंबई में परिस्थितियों से लड़ती हैं और अपने परिवार को संभालती हैं। फिल्म में पत्रलेखा के अलावा राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में हैं। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म 'लव गेम्स', साल 2016 में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने डार्क भूमिका अदा की है, जो अपने पिछले अनुभवों के कारण टूट चुकी हैं।

अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी 'आईसी 814 द कंधार हाईजैक' वेब सीरीज, साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज की कहानी साल 1999 में हुए इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 814 के हाईजैक पर आधारित है। इसमें अभिनेत्री पत्रलेखा ने इद्रानी नाम के एयर होस्टेस की भूमिका निभाई है। इस वेब सीरीज में पत्रलेखा के अलावा विजय वर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं। साल 2019 में अश्विन शेट्टी के निर्देशन में पत्रेलखा अभिनीत फिल्म 'बदनाम गली' बनी। यह एक ड्रामा कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक प्रेग्नेंट महिला की भूमिका निभाई है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर महिला हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'गोल्डन ग्लोब्स' का फिर करेंगी मेजबानी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो में से एक, गोल्डन ग्लोब्स का 83वां संस्करण 11 जनवरी 2026 को बेवर्ली हिल्टन में आयोजित होगा। आयोजकों ने हाल ही में इसकी घोषणा की। मशहूर कॉमेडियन निक्की ग्लेसर एक बार फिर इस शो की मेजबानी करेंगी। 2025 में निक्की ने गोल्डन ग्लोब्स की पहली सोलो महिला होस्ट बनकर इतिहास रच दिया था। अब वह 2026 में दोबारा यह जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हैं। आयोजकों के अनुसार साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों और टीवी शोज के लिए नामांकन की घोषणा 8 दिसंबर 2025 को होगी। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक अवॉड्र्स का पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। निक्की ने अपने बयान में मजाकिया अंदाज में कहा, 'इस साल गोल्डन ग्लोब्स की मेजबानी मेरे करियर का सबसे मजेदार अनुभव था।



# तीन साल की डेटिंग के बाद तीसरी शादी कर सकते हैं ब्रैड पिट?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट अब जल्द ही तीसरी शादी के बंधन में बंध सकते हैं। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज किया और हो सकता है कि इन गर्मियों के आखिर तक दोनों शादी की घोषणा भी कर दें। 61 वर्षीय अभिनेता ब्रैड पिट ने 32 वर्षीय ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रमोन को न्यूजीलैंड में अपनी फिल्म की शूटिंग में जाने से पहले शादी के लिए प्रपोज किया। ब्रैड अब अपने पुराने रिश्तों और एंजेलिना जोली के साथ लंबे तलाक से अलग हो चुके हैं और अब वह तीसरी शादी करना चाहते हैं। ब्रैड इस बात की कदर करते हैं कि इनेस ने उनके मुश्किल समय में उनका साथ दिया। अगर वह इनेस से शादी करते हैं तो यह ब्रैड की तीसरी शादी होगी। इससे पहले वे जेनिफर एनिस्टन और एंजेलिना जोली से शादी कर चुके हैं। जेनिफर से 2005 में तलाक हुआ, जबकि एंजेलिना के साथ उनकी शादी 2014 में हुई, लेकिन 2016 में तलाक की अर्जी के बाद 2024 में यह पूरी तरह खत्म हुआ। इनेस के साथ ब्रैड का रिश्ता कुछ अलग है क्योंकि वे मनोरंजन जगत से नहीं हैं। ब्रैड को ऐसा साथी पसंद है, जो उनके साथ किसी भी तरह का कोई कम्पटीशन न करे।



# कश्मीरी ड्रैस में दिख रही एक्ट्रेस को था सलमान पर क्रश

**नई दिल्ली।** पूनम ढिल्लों ने यश चोपड़ा की फिल्म त्रिशूल से डेब्यू किया था। त्रिशूल के बाद से पूनम ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका करियर आगे बढ़ता चला गया। पूनम ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने सलमान को सलीम खान के घर पर देखा था। उन्होंने कहा था- सलमान मुझसे कुछ साल छोटे थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि वो बड़े स्टार बनेंगे। मैंने प्यार किया के बाद से पूनम को सलमान पर क्रश था। उन्होंने अपने पति से कहा था- सलमान कितना क्यूट है। आज भी पूनम को सलमान का चार्म पसंद है। पूनम ढिल्लों ने अशोक ठकारिया से शादी की थी। दोनों 1988 में शादी के बंधन में बंधे थे। तलाक के बाद पूनम को अनमोल और पलोमा की कस्टडी मिली थी। उन्होंने अपने बच्चों की खुद परवरिश की और कभी दूसरी शादी न करने का फैसला लिया। अब उन्हें शादी पर विश्वास नहीं रहा।



# श्री श्री रविशंकर का रोल करेंगे विक्रांत मैसी

**मुंबई।** अपनी पिछली फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। अब उनकी अगली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। इस फिल्म में वो आध्यात्म का रास्ता अपनाकर, शांति का पाठ पढ़ाते दिखेंगे। खास बात यह है कि अपनी अगली फिल्म में विक्रांत आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है और उनके फैंस को उनका एक नया अंदाज देखने को मिलेगा। विक्रांत मैसी अभिनीत इस अंतरराष्ट्रीय फिल्म का नाम है 'व्हाइट', जिसे मोंटू बस्सी द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इस फिल्म की शूटिंग की तैयारियां कोलंबिया में चल रही है। इसी साल जुलाई से फिल्म की शूटिंग शूरू होने वाली है। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह एक आधुनिक शांति निर्माण का एक अनसुना अध्याय होगा।

## टीवी मसाला



# शब्बीर अहलूवालिया के नए शो का प्रोमो आया सामने

**नई दिल्ली।** कुमकुम भाग्य से फेमस हुए एक्टर शब्बीर अहलूवालिया अपने नए शो के साथ तैयार हैं। वह सोनी सब ने अपने आगामी रोमांटिक कॉमेडी शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में नजर आने वाले हैं, जिसका दिलचस्प टीजर सामने आया है। यह शो ह्यूमर और भावनाओं का ताजा मिश्रण पेश करता है और पारिवारिक जीवन की हलचल के बीच प्यार के परिवर्तनकारी ताकत को दर्शाता है। मेकर्स ने प्रोमो शेयर करते हुए लिखा- सोच की तकरार, ऊपर से दो लड़ते भिड़ते परिवार। देखिए युग और कैरी की अनोखी कहानी उफ्फ ये लव है मुश्किल जल्दी ही सिर्फ। टेलीविजन के चहेते स्टार शब्बीर अहलूवालिया इस अनोखे शो में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। टीजर से ही यह साफ हो जाता है कि शबीर कुछ नया और अलग करने की चाह में हैं। 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' न सिर्फ शबीर के करियर का एक दमदार नया अध्याय है, बल्कि सोनी सब के विविधतापूर्ण कार्यक्रमों की लिस्ट में भी यह शो एक अनोखा स्थान बनाएगा। सोनी सब के आगामी शो में युग सिन्हा की भूमिका निभा रहे, शब्बीर अहलूवालिया ने कहा, 'मैं टेलीविज़न पर वापसी करके बेहद उत्साहित हूं, खासकर ऐसे किरदार के साथ जो मेरी अब तक निभाई गई किसी भी भूमिका से बिल्कुल अलग है।

## जो ना कर सका कोई भी सीरियल वो सीआईडी ने कर दिखाया

**नई दिल्ली।** सीआईडी छोटे पर्दे के लोकप्रिय शोज में से एक हैं, जो काफी वक्त से टीवी पर चलता आ रहा है। सीआईडी सीरियल में अक्सर कई तरह



के बदलाव भी देखने को मिलते रहते हैं। इस बार शो के अंदर बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जो आज तक ना किसी दूरदर्शन के सीरियल में देखने को मिला ना ही अन्य सीरियल्स में। क्राइम शो सीआईडी ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अपने पहले मूक एपिसोड की घोषणा की है। यह खास एपिसोड एक अत्याधुनिक एस्केप रूम, 'द साइलेंट डेन' में सेट है, जहां एक जन्मदिन उत्सव अचानक रहस्यमयी और खतरनाक मोड़ ले लेता है। इस एपिसोड में सीआईडी टीम बिना संवादों के, केवल इशारों, नजरों, निगरानी फुटेज और फोरेंसिक साक्ष्यों के सहारे सच का पता लगाने की कोशिश करती है। सीनियर इंस्पेक्टर दया का किरदार निभाने वाले अभिनेता दयानंद शेट्टी ने इस अनूठे अनुभव के बारे में कहा, 'सीआईडी के इतने सालों में हमने कई जटिल मामलों को सुलझाया, लेकिन यह मूक एपिसोड वाकई अनोखा है।

# हॉरर-कॉमेडी 'कंपकंपी' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी फिल्में खूब बन रही है। जल्द ही दर्शकों को इसी जॉनर की एक फिल्म 'कंपकंपी' भी देखने को मिलेगी। इस फिल्म में श्रेयस तलपदे और तुषार कपूर लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म का जो टीजर रिलीज हुआ, उसमें वैंपायर की झलक मिलती है, साथ ही कुछ लोगों का आत्मा से सामना होता है।

फिल्म 'कंपकंपी'23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में तुषार और श्रेयस के अलावा भी एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। फिल्म में सोनिया राठी, वरुण पांडे जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। हॉरर के रंग में रंगी इस फिल्म में कॉमेडी भरपूर है, यह बात टीजर की चंद सीन्स में ही पता चलती है। टीजर की शुरुआत में



कुछ लोगों के साथ मिलकर ओइजा बोर्ड पर श्रेयस तलपदे का किरदार आत्माओं से संपर्क करने की कोशिश करता है। इसी वजह से आगे चलकर सभी लोग मुश्किल में पड़ जाते हैं। श्रेयस के अलावा फिल्म में तुषार कपूर भी हैं। श्रेयस और तुषार मिलकर कॉमेडी का तड़का फिल्म में लगा रहे हैं। फिल्म 'कंपकंपी' के साथ एक टैगलाइन लिखी है, 'आत्मा जी दर्शन दो ना।' फिल्म के टीजर में भी जब-तब आत्मा के होने का अहसास होता है। इस फिल्म को संगीत सिवन ने निर्देशित किया है।

# केसरी चैप्टर 2 और ग्राउंड जीरो के बाद इन फिल्मों में दिखेगा देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** हाल ही में रिलीज हुई अक्षय कुमार की 'केसरी चैप्टर 2' ने सिनेमाघरों में देशभक्ति की लहर पैदा कर दी है। जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई बताने वाली इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। वहीं, आज यानी 25 अप्रैल को इमरान हाशमी की 'ग्राउंड जीरो' ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी है। यह फिल्म बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की वीरता की कहानी को पर्दे पर लेकर आई है, लेकिन यह सिलसिला यहीं रुकने वाला नहीं है। आने वाले समय में कई ऐसी फिल्में दर्शकों के सामने होंगी, जो देशभक्ति और साहस की भावना को और मजबूत करेंगी।

### इक्कीस

फिल्म 'इक्कीस' साल 1971 के भारत-पाक युद्ध के हीरो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की वास्तविक कहानी पर आधारित है। अरुण को मरणोपरांत परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे।





### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की '120 बहादुर' 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला की लड़ाई पर आधारित है। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह और उनकी 120 सैनिकों की टुकड़ी की कहानी है, जिन्होंने 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था। इस युद्ध में शहीद हुए मेजर शैतान सिंह को मरणोपरांत परम वीर चक्र मिला था। यह फिल्म सैनिकों के अदम्य साहस को श्रद्धांजलि देगी। फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### बॉर्डर 2

साल 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल 'बॉर्डर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे इस फिल्म में भारतीय सेना के जवानों का किरदार निभाएंगे। 1971 के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म सैनिकों की वीरता और देशप्रेम को फिर से जीवंत करेगी। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।

# 1980 तक कश्मीर था सिनेमा का पसंदीदा ठिकाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 38 साल बाद बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग ने इतिहास रच दिया। यह पहली बार था जब इतने लंबे समय बाद कश्मीर में किसी हिंदी फिल्म का रेड कार्पेट प्रीमियर हुआ, लेकिन इसके ठीक चार दिन बाद, 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी इलाके में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर कश्मीर को दहला दिया। यह घटना 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमलों में से एक है। आतंकवादी हमलों का असर जम्मू कश्मीर के इलाकों ही नहीं, बल्कि वहां प्रीमियर होने वाली फिल्मों पर भी पड़ा है। आइए समझते हैं कि कश्मीर से सिनेमा इतने वर्षों तक क्यों दूर रहा...

## जानिए कश्मीर से क्यों दूर रहा सिनेमा?

### 1980 के अंत में सब कुछ बदल गया

1960 और 1970 के दशक में कश्मीर हिंदी सिनेमा की शूटिंग के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक था। डल झील, गुलमर्ग के बर्फीले पहाड़ और श्रीनगर की खूबसूरत वादियां बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बनती थीं। जंगली, कश्मीर की कली, और बॉबी जैसी फिल्में यहां शूट हुईं। श्रीनगर में कई सिनेमाघर भी थे, जैसे रीगल, पल्लैडियम और नीलम, जहां लोग फिल्में देखने के लिए उत्साहित रहते थे, लेकिन 1980 के अंत में सब कुछ बदल गया।



### आतंकवाद ने सिनेमा को कर दिया गायब

1980 के दशक के अंत में कश्मीर में आतंकवाद ने जोर पकड़ा। 1989-90 में हालात इतने खराब हो गए कि आतंकियों ने सिनेमाघरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। आतंकवादी संगठनों ने सिनेमा को गैर-इस्लामिक बताकर सिनेमाघरों को बंद करने की धमकी दी। कई सिनेमाघरों में आग लगा दी गई, जैसे श्रीनगर का रीगल सिनेमा। कुछ सिनेमाघरों को गोदाम या दुकानों में बदल दिया गया। लोगों में डर बैठ गया और सिनेमा हॉल खाली होने लगे। जो लोग फिल्म देखना चाहते थे, उन्हें 300 किलोमीटर दूर जम्मू जाना पड़ता था। इस दौरान कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग भी बंद हो गई।

### 1990 से 2020 तक पूरी तरह गायब रहा सिनेमा

1990 के बाद से कश्मीर में सिनेमा पूरी तरह गायब हो गया। आतंकवाद, अशांति और कर्फ्यू के कारण न तो फिल्में शूट हुईं और न ही सिनेमाघर खुले। इस दौरान कश्मीर की छवि एक संघर्षग्रस्त इलाके की बन गई। बॉलीवुड ने भी कश्मीर को अपनी कहानियों से दूर रखा। हालांकि, कुछ फिल्में जैसे मिशन कश्मीर (2000) और हैदर (2014) में कश्मीर का बैकग्राउंड दिखाए गए, लेकिन इनकी शूटिंग भी ज्यादातर कश्मीर के बाहर हुई। सिनेमाघरों की हालत इतनी खराब हो गई कि 2010 तक श्रीनगर में एक भी काम करने वाला सिनेमा हॉल नहीं बचा था।

### 2022 में सिनेमाघरों की वापसी

2022 में कश्मीर में सिनेमाघरों की वापसी की कोशिश शुरू हुई। श्रीनगर के शिवपोरा इलाके में एक मल्टीप्लेक्स खोला गया, जो 31 साल बाद घाटी का पहला सिनेमा हॉल था। इसके बाद सरकार ने कश्मीर को फिर से पर्यटन और सिनेमा का केंद्र बनाने की कोशिशें तेज कीं। 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद हालात कुछ हद तक सामान्य होने लगे थे, जिसके चलते फिल्ममेकर्स ने कश्मीर की ओर रुख किया। इस दौरान सिंहासन खाली है (2023) और आर्टिकल 370 (2024) जैसी फिल्मों की शूटिंग यहां हुई।

### 38 साल बाद हुई 'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग

18 अप्रैल 2025 को श्रीनगर के इनॉक्स थिएटर में फिल्म ग्राउंड जीरो का रेड कार्पेट प्रीमियर हुआ, जो 38 साल बाद कश्मीर में पहली बार किसी बॉलीवुड फिल्म की स्क्रीनिंग थी। यह फिल्म एक बीएसएफ ऑफिसर नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी है, जिन्होंने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड गाजी बाबा को मार गिराया था। फिल्म में इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में हैं। इस स्क्रीनिंग में बीएसएफ जवानों को खास तौर पर आमंत्रित किया गया था। इमरान हाशमी ने इसे कश्मीर के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया और कहा कि इससे कश्मीर में सिनेमा की वापसी को बढ़ावा मिलेगा।

### पहलगाम हमला और फिर डर का माहौल

'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग के बाद अन्य बॉलीवुड फिल्ममेकर्स से अपील की गई थी कि वे भी कश्मीर में अपनी फिल्मों का प्रचार करें और स्क्रीनिंग करें, इस मुद्दे को जोर मिल ही रहा था कि पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर जगती हुई उम्मीद को डर के साए तले रौंद दिया।

## खबर संक्षेप

### बछड़े के पेशाब के थैले का किया गया ऑपरेशन

**वाड्रफनगर।** रामानुजगंज के पशुपालक संजीत बैरागी के बछड़े के प्राथमिक जांच में पाया गया कि



उसके युरेथरा एरिया में पेशाब फिल्ट्रेट होने के कारण सूजन है। जिसके कारण वह बूंद-बूंद पेशाब कर रहा है। पशुपालक की सहमति से एपीड्यूरल एनेस्थीसिया देकर पेशाब के थैले में कैथेटर डालकर उसका उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि यह समस्या किसी भी उम्र के पशुओं में हो सकती है। ऑपरेशन के दौरान भूपेंद्र चांद, सौरभ पटवा एवं प्रिंस यादव उपस्थित थे।

### तकिया मजार शरीफ का तीन दिवसीय सालाना उर्स 29 मई से

**अम्बिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया स्थित बाबा मुराद शाह एवं बाबा मोहब्बत शाह का तीन दिवसीय सालाना उर्स अंजुमन मुरादिया सोसायटी कमेटी तकिया द्वारा 29 मई से 31 तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा 24 अप्रैल को प्रस्ताव पारित कर अंजुमन मुरादिया सोसायटी कमेटी तकिया को उर्स आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। कमेटी के सदर रमजान अंसारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप सालाना उर्स के दौरान शांति व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रबंध करने एवं पुलिस बल की व्यवस्था करने की मांग की है।

### छात्रावास में ताला बंद अधीक्षक को नोटिस

**वाड्रफनगर।** बगैर सूचना चलगली छात्रावास में ताला बंद कर अधीक्षक के गायब होने की भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल की शिकायत पर आजाक विभाग के सहायक आयुक्त ने अधीक्षक को नोटिस जारी की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल ने ग्राम चलगली स्थित प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में ताला बंद कर अधीक्षक के गायब होने की शिकायत सहायक आयुक्त आजाक से की थी। शिकायत की जांच प्रभारी क्षेत्र संयोजक एवं प्रभारी मंडल संयोजकों से कराई गई तो शिकायत सही पाई गई। अधिकारियों ने अपने जांच में बिना सूचना 17 अप्रैल से छात्रावास में ताला बंद एवं अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। छात्रावास के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले।

### भीषण गर्मी में भारवाहक पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित

**अम्बिकापुर।** दोपहर में भीषण गर्मी के दौरान पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा पशुओं को टांगे, बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर वजन ढोने के उपयोग करने से पशु बीमार हो सकते है अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है।

नागरिकों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

# आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस विभिन्न संगठनों ने निकाला कैंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार देर शाम सर्व हिंदू समाज चरचा और हिंदू युवा वाहिनी के बैनर तले राजीव गांधी चौक में कैंडल मार्च निकाला गया।

इस दौरान सैकड़ों नागरिकों ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हृदयविदारक घटना के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए युवाओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। कैंडल मार्च राजीव गांधी चौक से टावर चौक तक निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम हमले में मारे गए नागरिकों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस कैंडल मार्च में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, नपाध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपाध्यक्ष उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, श्याम नारायण यादव, हरिनारायण अग्रवाल, पार्षद संजय देवांगन, कुंडल साय, जितेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला सिंह, सीमा सिंह, साक्षी सिंह, सिमरन, प्रियंका सिंह समेत काफी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय अपनी पुलिस टीम के साथ तैनात रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक भईयालाल राजवाड़े, नपाध्यक्ष अरूण जायसवाल और नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने आतंकी हमले की निंदा करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। श्री राजवाड़े ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा की गई कायराना हरकत का देश जल्द जवाब देगा। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने जो जान ली है, उसका दस गुना बदला लिया जाएगा। नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए कठोर कार्रवाई करनी होगी और देश को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा। राजेश सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या बन चुकी है, जिसका मुकाबला करने के लिए एकजुटता और कठोर कार्रवाई आवश्यक है।



श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक समेत अन्य लोग।

### युवा कांग्रेस ने पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन किया

**मनेन्द्रगढ़।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार की शाम हुए आतंकी हमले के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में शुक्रवार को जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के गांधी चौक में एमसीबी जिला युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन कर पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन किया है। एमसीबी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज मेमन (कल्लू) की अगवाई में युवा कांग्रेस ने पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ तीखा आक्रोश जताया। इस जघन्य हमले में कई पर्यटकों की मृत्यु हुई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिलाध्यक्ष हाफिज मेमन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस आतंकी हमले को मानवता पर हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। इस दौरान उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसी कायरतापूर्ण और अमानवीय घटनाएं सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य हैं। इस तरह के जघन्य कृत्यों को अंजाम देने वालों और उनके समर्थकों के खिलाफ केन्द्र व राज्य सरकार को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस हमेशा अग्रणी रहेगी। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कांग्रेसियों ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हमारी



पूरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों और घायलों के साथ है। हम इस अमानवीय कृत्य से प्रभावित सभी लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं। कांग्रेस ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों को यह अपूर्णनीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। पुतला दहन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज मेमन, पार्षद स्वप्निल सिन्हा, अनिल प्रजापति, साविर खान, रफीक मेमन, हारून मेमन सहित काफी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता व कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पंचायत झगड़ाखांड श्रीमती रीमा रमेश यादव व रमेश यादव उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के संचालक गण संजीव ताम्रकार, श्रीमती ज्योति ताम्रकार, आशीष कक्कड़, श्रीमती आशि कक्कड़, प्रशांत अग्रवाल, श्रीमती तोषी अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य पी. रविशंकर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा पांचवी की छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के शिक्षक आनंद विश्वकर्मा द्वारा स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात विद्यालय की चीफ कोऑर्डिनेटर सुश्री रूबी पासी द्वारा अपने अभिभाषण में बीते सत्र में हुए समस्त शैक्षणिक प्रतियोगिताओं व गतिविधियों तथा विद्यालय के छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। तथा विद्यालय द्वारा आने वाले सत्र की योजनाओं पर ध्यानाकर्षण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा विगत सत्र में हुए प्रतियोगिताओं जैसे टाइगर डे प्रतियोगिता, क्ले मोल्डिंग प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सोलो डांस प्रतियोगिता इत्यादि के विजेता छात्र- छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रमेश यादव ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल विद्यालय इस जिले का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय है और यह कथन यहां के छात्रों की उपलब्धियां और अनुशासन सिद्ध करता है। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान का होना अति आवश्यक है और यह विद्यालय इन दोनों ही कसौटियों पर खरा उतरता है जो छात्रों को सामाजिक दृष्टिकोण से एक सफल व्यक्ति और नागरिक के तौर पर देश का नाम रोशन करने के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने इसके लिए सभी संचालक और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के संचालक संजीव ताम्रकार ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सोनम निषाद के द्वारा किया गया।

# जिला संघ कोरिया का वार्षिक समीक्षा बैठक

■ देवेन्द्र बने जिला मुख्य आयुक्त

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देश एवं मुख्य आतिथ्य में जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार शनिवार को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला संघ कोरिया की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देवेन्द्र तिवारी ने की।

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोनहत अरविंद सिंह और विकासखंड शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर देवेश जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पित कर तथा स्काउट प्रार्थना से



हुई। मंचस्थ अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर एवं मुख्य अतिथि को लाल चंदन का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े ने राज्य मुख्य आयुक्त एवं अन्य अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने देवेन्द्र तिवारी को आधिकारिक रूप से जिला मुख्य आयुक्त कोरिया नियुक्त करने की घोषणा की और जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू ने उन्हें कमिश्नर स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने अपने संबोधन में जिले में स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी साझा की। वहीं नवनियुक्त जिला मुख्य आयुक्त श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में स्काउटिंग में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला और जिले में स्काउटिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने बताया कि वे स्वयं एडवांस स्काउट मास्टर हैं और पूर्व में 10 वर्षों तक जिला पंचायत के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने वार्षिक समीक्षा बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की। उन्होंने 1 मई को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए राज्यव्यापी साइकिल रैली तथा जून में कोरिया जिले में राज्य स्तरीय रोवर-रेंजर समागम के आयोजन की घोषणा की। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. सोमनाथ यादव, देवेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े, सविता सिंह, रवि कुमार पांडेय, नागेश्वर साहू, विजय कुजूर, सुनील बड़ा, श्याम कुमार आंडिल, शिव प्रताप सिंह, अजय कुमार ठाकुर, अनिल कुमार, रवि बैग, राजाराम देवांगन, प्रफुल्ल सालोमन तिग्गा, शुक्ला राम भगत, विकल्प कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार, भीम धुरंधर, बनस लाल सिलर, विपिन कुजूर, जयपाल पल्हे, अमरनाथ सिंह, अजीम अंसारी, केशव प्रसाद साहू, मुकेश मिंज, राजेश कुमार सहित स्काउटर एवं गाइडर रीता लकड़ा, डिंपल मिंज, शकुंतला लकड़ा सहित काफी संख्या में स्काउट-गाइड्स उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध से बचने लोगों को जागरूक होना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

किसी भी अंजान व्यक्ति को फोन पर अपने आधार नंबर व खाता नंबर के अलावा ओटीपी पूछे जाने पर बिल्कुल जानकारी न दें। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाए जाने हेतु कई तरह के योजनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन इन प्रयासों के बाद भी साइबर ठगों के झांसे में लोग आ ही जाते हैं। साइबर ठगों द्वारा नित नए नए तकनीक का उपयोग करके अपने अवैध कारोबार को अंजाम दिए जा रहे हैं।

उक्त बातें ग्राम कंदरई के पंचायत भवन में आयोजित जयनगर पुलिस की चलित थाना में थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कही। टीआई ने कहा कि कानूनी जानकारी सभी लोगों को होना बेहद जरूरी है, जिससे लोग अपराध के गिरफ्त में ना फंस सकें। उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें। फेरीवालों से खरीददारी करने की बजाए दुकानों में जाकर अपने सामानों को खरीदें। कई लोग फेरीवालों के चक्कर में फंसकर अपने जेवरातों व अन्य सामानों के ठगी के शिकार हो जाते हैं। नशे की हालत में बिल्कुल वाहन चलाने का कार्य ना करें, जिससे हमारे जीवन को भी सुरक्षित बचाया जा सकता है। यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट का इस्तेमाल भी जरूर करें। टीआई ने कहा कि किसी भी समाज में अपराध को खत्म कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को लोगों के मदद की काफी जरूरत होती है, जिससे तालमेल आपस में स्थापित रखकर कार्य को गति प्रदान किया जा सके। इस दौरान उपनिरीक्षक सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेंद्र एक्का, कंदरई सरपंच चुनेश्वर सिंह व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनसीसी कैडेट्स ...

और सही ट्रिगर ऑपरेशन का सिद्धांत अपनाते हुए प्रत्येक कैडेट्स को एक गोली एक दुश्मन का लक्ष्य निर्धारित कर फायरिंग अभ्यास करना चाहिए। शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कैडेट्स ने फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर अभ्यास किया। फायरिंग के पूर्व सभी कैडेट्स को फायरिंग से संबंधित सभी निर्देशों की जानकारी दी गई। फायरिंग ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में दूसरी बार कोरिया एवं सूरजपुर के कैडेट्स ने फायरिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर फायरिंग अभ्यास किया। सभी कैडेट्स को पांच-पांच राउंड फायर कराया गया, बेस्ट फायरर को पुनः फायर कराया गया। उक्त सफल फायरिंग अभ्यास करने पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो द्वारा सभी कैडेट्स को बधाई दी गई। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर सुनील दत्त तिवारी, लेफ्टिनेंट दीप चंद एक्का, आर्मोरर राजेश पैकरा एवं पवन खलखो, नर्सिंग स्टॉफ, भृत्य चंद्रप्रकाश राजवाड़े, दिनेश कश्यप, भईयालाल सहित अन्य का योगदान रहा। एनसीसी कार्यालय का निरीक्षण- इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एसके द्वारा बैकुंठपुर के एनसीसी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। कार्यालय के अभिलेख का सूक्ष्म निरीक्षण कर समस्त जानकारी प्राप्त की गई। व्यवस्थित अभिलेख एवं सुसज्जित कार्यालय को लेकर उन्होंने एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल की प्रशंसा की एवं उन्हें बधाई दी।

### राज्य मुख्य आयुक्त...

नागेश्वर साहू, विकासखंड सचिव शिव प्रताप सिंह, श्याम आडिल्य, रवि बैगा, अमरनाथ, मंजू जिवनानी, रवि त्रिपाठी, अन्नू दुबे, शिव राजवाड़े, रोशन राजवाड़े, राम सुंदर राजवाड़े, जगनारायण साहू, शाहिद असरफी, रामशंकर सिंह, दिनेश साहू, हरिओम साहू, मनोज सोनवानी, महेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर ने सीएचसी का किया निरीक्षण, गंदगी पर जताई नाराजगी

**राजपुर।** जिले के अपर कलेक्टर आरएस लाल ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद गंदगी को लेकर उपस्थित कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले भोजन के गुणवत्ता की जांच की और सप्ताह में दो दिन हरी सब्जी प्रदान करना का निर्देश दिया। बता दें कि अपर कलेक्टर श्री लाल शुक्रवार की देर शाम 5 बजे सीएचसी के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ के उपस्थित पंजी की जांच की। निरीक्षण के दौरान सामान्य और महिला वार्ड में कचरा देखकर उन्होंने कर्मचारियों को सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मरीजों ने मिलने वाले भोजन के गुणवत्ता की शिकायत की। जिस पर उन्होंने समूह की महिलाओं को निर्देशित किया कि सप्ताह में दो दिन हरी सब्जी प्रदान की जाए और मेनू के अनुसार ही मरीजों को भोजन प्रदान किया जाए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नायब तहसीलदार नरेंद्र कुंवर से कहा कि वे समय समय पर अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। इसके साथ ही अपर कलेक्टर ने जनपद कार्यालय का निरीक्षण कर जनपद सीईओ अनिल कुमार तिवारी से चर्चा करते हुए शिविर में आए आवेदन का जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम बनाकर 20-20 पंचायत का चार भाग में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले शिविर से पहले ही सीईओ व तहसीलदार गांव क्षेत्र में जाकर चौपाल लगाकर ग्रामीणों की आए हुए समस्याओं को पूछ कर उनका निराकरण करें ताकि ग्रामीणों की समस्या खत्म हो सके।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411